# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 01/01/चयन/2016, दिनांक 04.01.2017**

### सामान्य प्रशासन विभाग हेतु हाऊस मैनेजर के पद की परिशिष्ट 2 मे संशोधन

01 आयोग द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग हेतु हाऊस मैनेजर, के पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 01/चयन/2016, दिनांक 31.12.2016 आयोग की वेबसाइट पर तथा "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र के दिनांक 02.01.2017 के अंक में प्रकाशित किया गया था जिसके ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा किए जायेगे।

02 उक्त विज्ञापन में विज्ञापित "हाऊस मैनेजर" के पद के आवेदन शुल्क की श्रेणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) एंव नि:शक्तजन श्रेणी के आवेदकों हेतु | शेष सभी श्रेणी तथा मध्य प्रदेश के बाहर के निवासी आवेदकों हेतु |
|---|---|
| रु. 250/- | रु.500/- |
| उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त कियोस्क के माध्यम से आवेदन भरने पर शुल्क रु. 40/- (सेवाकर सहित) देय होगा । टीप:- आयोग को प्राप्त शुल्क किसी भी स्थिति में न तो वापस किया जाएगा तथा न ही किसी अन्य परीक्षा हेतु समायोजित किया जाएगा । | |

03 जाति प्रमाण-पत्र के संबंध में :-
अन्य पिछड़ा वर्ग में क्रीमी लेयर में न आने का प्रमाणन भी आवश्यक है अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन प्रमाण-पत्रों में क्रीमी लेयर में न आने संबंधी कंडिका कटी होगी या नहीं होगी वे मान्य नहीं होंगें। इस संदर्भ में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा :-

घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं ------------- के विज्ञापन क्रमांक 01/चयन/2016, दिनांक 31-12-2016 के अंतर्गत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। मै निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूं

1. मै -----------------पिता श्री------------------ निवासी ग्राम/कस्बा/ शहर/------------जिला -----------,मध्य प्रदेश का/की मूल निवासी हूं। मै ---------------जाति का/की सदस्य हूं जो शासन द्वारा मध्य प्रदेश हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्य है ।

2. मै यह भी घोषित करता/करती हूं कि मै शासन के नवीनतम परिपत्रों द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार क्रीमी लेयर में नहीं आता/आती हूं।

हस्ताक्षर............................
नाम...................................
रोल नंबर ----------------

(उक्त घोषणा-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति केवल साक्षात्कार के पूर्व प्रस्तुत किए जाने वाले अनुप्रमाणन-पत्र के साथ संलग्न करें)

04 विज्ञापन की शेष शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

4/1/17
सचिव